भारत एक कृषि प्रधान देश है, जिसकी आधी से अधिक जनसंख्या सिर्फ खेती पर ही निर्भर है तथा खेती की सिंचाई के लिए वह नदियों के जल का प्रयोग करता है। भारत में नदियों की पूजा की जाती हैं और इसको पवित्र भी माना जाता हैं। भारत में गंगा, यमुना, सरस्वती और कावेरी आदि कई प्रकार की नदियां हैं। जो देश में कृषि कार्य और अन्य कार्यों के लिए जल प्रदान करती हैं। देश में लोग नदी को गंगा नदी या गंगा मां कहकर बुलाते हैं। भारत देश के इलाहाबाद को संगम के नाम से जाना जाता हैं क्योंकि यहां पर तीनों नदियों का मिलन होता है। इस जगह पर गंगा जमुना और सरस्वती तीनों नदियों का जल एकत्रित होकर एक में ही मिल जाता है इसलिए इस जगह को संगम नगरी के नाम से भी जानते हैं। पुराने समय में बहुत से संत और महान विचारक इन नदियों के पास ही रहते थे और अपने प्राण त्याग देते थे। आपकी जानकारी के लिए बता दे की विश्व की सबसे लंबी नदी नील नदी है, जो अफ्रीका देश में बहती हैं।

क) किसान नदियों के जल का कैसे उपयोग करता है ?

A) खाना पकाकर
B) फ़सल बनाकर
C) खेतों में सिंचाई करके
D) पानी को बहाकर

ख) भारत के नदियों की पूजा क्यों की जाती है ?

A) क्योंकि ये बड़ी होती हैं ।
B) क्योंकि ये मिट्टी को उपजाऊ बनाती हैं ।
C) क्योंकि ये पवित्र मानी जाती हैं ।
D) विकल्प B और C दोनों

ग) भारत को कृषि प्रधान देश क्यों कहा गया है ?

A) क्योंकि सभी काम किसान करते हैं ।
B) क्योंकि देश के अधिकतर लोग खेती पर निर्भर हैं ।
C) क्योंकि देश के किसान और कोई काम नहीं करते हैं ।
D) विकल्प A और B दोनों

घ) इलाहाबाद को संगम के नाम से क्यों जानते हैं ?

A) क्योंकि यहां सारी नदियों का मिलन होता है ।
B) क्योंकि यहां नदी और समुद्र का मिलन होता है ।
C) क्योंकि यहां तीन नदियों का मिलन होता है ।
D) क्योंकि यहां से गंगा नदी बहती है ।

ड) विश्व की सबसे लंबी नदी है -

A) गंगा
B) ब्रह्मपुत्र
C) अमेजन
D) नील

च) देश के अधिकतर लोग गंगा नदी को मां क्यों कहते हैं ?

A) क्योंकि यह सभी की प्यास बुझाती है ।
B) क्योंकि इसमें सारे पवित्र कार्य संपन्न होते हैं ।
C) क्योंकि यह लंबी नदी है ।
D) विकल्प A और B दोनों

छ) अफ्रीका की सबसे लंबी नदी कौन सी है ?

A) जांबेजी नदी
B) नील नदी
C) कोंगो नदी

D) नाइजर नदी